हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
19 फरवरी 2025, बरेली

PAGE NO 6 : MIDDLE



एसआरएमएस में शिव कुमार राठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। • हिन्दुस्तान

# आईके कलेक्शन और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते क्रिकेट मैच

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का आगाज हुआ हुआ। पहले दिन आईके कलेक्शन बरेली ने जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ को छह विकेट और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने ओएसिस क्रिकेट एकेडमी को आठ विकेट से हराया। आईके कलेक्शन बरेली की ओर 28 गेंदों पर दो छक्के और छह चौके लगाकर 47 रन बनाने वाले शिवकुमार राठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में 34 रन देकर तीन विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के गेंदबाज सूरज सतपाल मैन ऑफ द मैच रहे। बुधवार को जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ बनाम जीएजे ग्रीन्स बरेली और हल्द्वानी क्रिकेटर्स बनाम हरदोई स्ट्राइकर्स के मैच खेले जाएंगे।